बलिया तक

Unnao News: एसडीएम ने नकली मिठाई कारखाने में मारा छापा, 16 कुंटल सामग्री कराई नष्ट

उन्नाव। एसडीएम हसनगंज ने सीओ बांगरमऊ व खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की सचल टीम व विद्युत विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से नकली मिठाई बनाने वाली फैक्ट्री में छापा मारकर छेना, बर्फी, दूध व मक्खन नष्ट कराया। साथ ही सैपल लेकर जांच के लिए भेजे गए।

औरास थानाक्षेत्र के रामपुर गढ़ौवा गांव में छेना, बर्फी, दूध निर्माण केन्द्र पर एसडीएम हसनगंज रामदेव निषाद, सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया, मुख्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी शैलेश दीक्षित के अलावा बाटमप निरीक्षक ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।

इसमें खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने राम विलास गुप्ता के प्रतिष्ठान से चार नमूना छेना, मिठाई, मख्खन व दूध के सैंपल लिया और वहां भंडार किये गए 11 कुंटल छेना व 2 कुंटल दूध योग्य न होने पर नष्ट कर दिया। इसके अलावा जनता ट्रेडर्स से छेना, मिठाई, मक्खन, डोडा बर्फी व बर्फी के सैंपल लेकर साढ़े 6 कुंटल डोडा बर्फी को नष्ट कराया। विद्युत विभाग द्वारा बकाया बिजली बिल मौके पर 7728 रुपये का बनाकर दिया गया।

Source: https://www.balliatak.com/uttar-pradesh/unnao/unnao-news-sdm-raids-fake-sweets-factory-16-quintals-of/article-17749#gsc.tab=0